सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
मेरठ–250110

वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनाँक 12 नवम्बर, 2024 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की 21वीं बैठक दिनाँक 12 नवम्बर, 2024 को पूर्वान्ह् 11.30 बजे से (ऑनलाईन मोड) में आयोजित की गयी।

वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति (ऑनलाईन–मोड में) निम्नवत् थीः–

1.	डा0 के0के0 सिंह, कुलपति,	अध्यक्ष
2.	श्री विनीत प्रकाश, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान (उ0प्र0 शासन, लखनऊ) (प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन के प्रतिनिधि)	सदस्य
3.	श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, वित्त के प्रतिनिधि)।	सदस्य
4.	श्री पीयूष कुमार शर्मा, सचिव (महानिदेशक, उ0प्र0 कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के प्रतिनिधि)	सदस्य
5.	ड़ा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)।	सदस्य
6.	श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक	सदस्य
7.	श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियन्त्रक	सदस्य सचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा उपरोक्तानुसार ऑनलाईन मोड में आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी सम्मानित मा0 सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

(हस्ताक्षर) 1७/11/24
वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

प्रस्ताव संख्या 21.1: वित्त समिति की 20वीं बैठक दिनाँक 02 सितम्बर, 2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनाँक 02 सितम्बर, 2024 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

प्रस्ताव संख्या 21.2: वित्त समिति की 20वीं बैठक दिनाँक 02 सितम्बर, 2024 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

वित्त समिति द्वारा 20वीं बैठक दिनांक 02 सितम्बर, 2024 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)

प्रस्ताव संख्या 21.3: विश्वविद्यालय परिसर में स्थित महाविद्यालयों, छात्रावासों, प्रशासनिक भवन की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य, एवं परिसर में स्थित विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य तथा परिसर में स्थित पुरानी आवासीय कालोनी के विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य कराने से सम्बन्धित प्रस्ताव।

विश्वविद्यालय परिसर में स्थित महाविद्यालयों, छात्रावासों, प्रशासनिक भवन की मरम्मत/ अनुरक्षण कार्य, एवं परिसर में स्थित विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण कार्य तथा परिसर में स्थित पुरानी आवासीय कालोनी के विभिन्न श्रेणियों के आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों की महत्ता विश्वविद्यालय एवं छात्रहित में एवं नैक एक्रेडेशन के दृष्टिगत तथा छात्र/छात्राओं को मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के लिए उपर्युक्त कार्यों को शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था से सम्पादित कराने हेतु प्रारम्भिक तौर पर रू0 300.00 लाख (रू0 तीन करोड़ मात्र) की धनराशि विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से व्यय किये

12/11/24
वित्त नियंत्रक / सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

जाने की स्वीकृति के संदर्भ में बैठक में उपस्थित समस्त मा0 सदस्यों द्वारा धनराशि रू0 300.00 लाख (रू0 तीन करोड़ मात्र) की स्वीकृति विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से स्वीकृति प्रदान की गयी। इस सम्बन्ध में, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ने अभिमत व्यक्त किया गया कि पूर्व में विश्वविद्यालय में रू0 1.00 करोड़ तक की सीमा तक मरम्मत एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों सम्पादित कराने हेतु उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 2849297/67–कृशिअ–24–1013 (099)/1/2024 दिनांक 19.06.2024 द्वारा यू0पी0 सिडको को कार्यदायी संस्था नामित किया गया था। जिसके अन्तर्गत वर्तमान में प्रस्तावित मरम्मत एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों हेतु पुनः कार्यदायी संस्था नामित कराने हेतु उ0प्र0 शासन से सहमति प्राप्त किया जाना उपयुक्त होगा। इसपर सभी मा0 सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

सभी मा0 सदस्यों द्वारा सम्बन्धित प्रस्ताव पर मा0 प्रबन्ध परिषद से परिसंचलन (By Circulation) के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु भी अनुमति प्रदान की गयी।

(कार्रवाईः नोडल अधिकारी, निर्माण/वित्त नियन्त्रक)

वित्त नियन्त्रक/सदस्य सचिव, वित्त समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

12/11/24

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष